# नेपाल सीमा पर बने विशेष आर्थिक जोन

**लखनऊ,विशेष संवाददाता।** भूटान, बांग्लादेश, भारत और नेपाल (बीबीआईएन) उप-क्षेत्र में सीमा पर अवस्थापना सुविधाएं और बेहतर कनेक्टिविटी पर हुए सम्मेलन में विशेष आर्थिक परिक्षेत्र बनाने व बौद्ध सर्किट को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। इसके अलावा इंटरनेट कनेक्टिविटी सुदृढ़ करने की भी जरूरत बताई गई।




**औद्योगिक विकास विभाग की ओर से आयोजित सम्मेलन में प्रमुख सचिव आलोक कुमार, नीति आयोग के अतिरिक्त सचिव राजीव सिंह ठाकुर व अन्य अधिकारी।**

मंगलवार को यहां हुए सम्मेलन में औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने कहा कि नेपाल के साथ संपर्क को सुदृढ़ करने में यूपी की अहम भूमिका है। नीति आयोग के अतिरिक्त सचिव एवं कार्यक्रम निदेशक राजीव सिंह ठाकुर ने कहा, सड़कों के साथ-साथ जलमार्गों में बेहतर अवसंरचना निर्बाध संपर्क के लिए अत्यंत आवश्यक है। इन्वेस्ट यूपी के सीईओ, विजय किरण आनंद ने कहा कि आयोजन बेहतर अवसंरचना विकास एवं व्यापारिक संभावनाओं को साकार करने में सहायक सिद्ध होंगे।